नर्सरी-निर्देश-03

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण

6 वी मंजिल, विन्ध्याचल भवन,मध्य प्रदेश भोपाल,
ई-मेल nursaryhorticulture@gmail.com

क्रमांक/उ./नर्सरी-निर्देश/407/2023-24/ 6835 **भोपाल, दिनांक** 27.10.2023

प्रति,

उप/सहायक संचालक उद्यान,
जिला-प्रक्षेत्र..........समस्त

विषय:- नर्सरियों पर मातृवृक्षों के रोपण हेतु प्रजाति किस्मों की जानकारी बावत्।

---00---

नर्सरियों पर पूर्व से उपलब्ध मातृवृक्ष अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हो चुके है तथा व्यावसायिक दृष्टि से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अधिक महत्वपूर्ण नही है। ऐसी स्थिति में नर्सरियो पर नवीन किस्मों के मातृवृक्ष रोपित किये जाना आवश्यक हो गया है। नर्सरियों पर वृद्व स्तर पर पौध उत्पादन करने के लिये, बाजार की मांग एवं किसानों की रूचि अनुसार नवीन-उन्नत किस्मों का क्षेत्र की उपयुक्ता को देखते हुये 02 या 03 फल प्रजातियों के मातृवृक्षों का रोपण किया जाना है। इस हेतु तत्काल फल प्रजाति एवं किस्मों का चयन कर संचालनालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

ग्रामीण क्षेत्र की नर्सरियों पर मनरेगा कन्वर्जेस के माध्यम से मातृवृक्ष का रोपण करने की योजना, स्वीकृत करा कर, अनुसंधान केन्द्रो से वांछित किस्मों के पौधे प्राप्त कर रोपण करावे। मातृवृक्षों की भांति "रूट स्टॉक" के लिये भी मातृ-ब्लाक नर्सरियों पर स्थापित करें।

इस हेतु फेसिंग के किनारे आम, जामुन, जंभेरी, सीताफल आदि देशी किस्मों के बीजू पौधों का रोपण करायें।

क्र.	नाम नर्सरी	चयनित प्रजाति-किस्म	प्रस्तावित मातृवृक्ष रोपण का रकबा	मातृवृक्ष रोपण हेतु चयनित प्रजाति/किस्म का प्रस्तावित स्त्रोत अनुसंधान केन्द्र/विश्व विद्यालय का नाम	रिमार्क
1	2	3	4	5	6

उक्त जानकारी निर्धारित प्रारूप में तैयार कर दिनांक 30/10/2023 तक संचालनालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देशों का पालन जिले में उपलब्ध आवंटन के अनुरूप किया जावे, इस हेतु प्रथक से आवंटन प्रदाय नहीं किया जावेगा।

संचालक
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
म.प्र. भोपाल

क्रमांक/उ./नर्सरी-निर्देश/407/2023-24/ 6836 **भोपाल, दिनांक** 27.10.2023

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर मुख्य सचिव, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. कलेक्टर जिला.......................समस्त।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत............समस्त।
4. संयुक्त संचालक उद्यान संभाग ....समस्त।

सहायक संचालक उद्यान
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
म.प्र. भोपाल